प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य कैबिनेट ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को दी मंजूरी, राज्य में अब कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार सरकार के पास।
2. केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की 28 जुलाई को रांची में होने वाली समीक्षा बैठक स्थगित, नयी तिथि की घोषणा बाद में होगी।
3. इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विसेज के करुणानिधि सिंह बनाये गये रांची रेल मंडल के नये डीआरएम, रेलवे बोर्ड ने जारी किया सर्कुलर।
4. राज्य में आज से 28 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी, आज पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला के लिए औरेंज अलर्ट, पिछले 24 घंटे में वज्रपात से 10 लोगों की मौत।
5. जमशेदपुर में आयोजित डुरंड कप फुटबॉल के उदघाटन मैच में जेएफसी ने रोमांचक मुकाबले में त्रिभुवन आर्मी को 3–2 से हराया।

****************

झारखंड के विश्वविद्यालयों का अब अपना यूनिवर्सल एक्ट होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि इस विधेयक के तहत कुलपति, प्रतिकुलपति और वित्तीय सलाहकार की नियुक्ति अब राज्य सरकार करेगी।

****************

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यभर में चल रहे अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक करने का भी निर्णय लिया गया। अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने के निर्णय पर भाजपा ने तीखी आपत्ति जताई है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस फैसले को तुच्छ मानसिकता और विकृत राजनीतिक सोच का प्रतीक बताया।

इधर, कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि सेवा के क्षेत्र में मदर टेरेसा का नाम काफी ऊंचा है और भाजपा को कोई प्रतिक्रिया देने से पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखना चाहिए।

****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन दिल्ली में इलाजरत हैं। उनकी देखभाल करने के लिए उनके पुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर दिल्ली लौट गये हैं। इससे पहले उन्होंने कल मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गुरुजी ने कई जंग जीती है, उम्मीद है यह जंग भी वे जीत जायेंगे।

****************

केन्द्रीय गृहसचिव गोविन्द मोहन की 28 जुलाई को रांची में होने वाली बैठक स्थगित हो गयी है। इसकी पुष्टि राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल ने की है। उन्होंने बताया कि फिलहाल बैठक टल गयी है और इसके लिए नयी तिथि बाद में तय की जायेगी।

****************

इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विसेज के करुणानिधि सिंह को दक्षिण–पूर्व रेलवे रांची रेलमंडल का नया डीआरएम बनाया गया है। यह आदेश रेलवे मंत्रालय के निदेशक रविंदर पांडेय की ओर से जारी किया गया है। यह आदेश पत्र मंत्रालय ने राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद जारी किया है। श्री सिंह जसमित सिंह बिंद्रा की जगह लेंगे। श्री सिंह वर्तमान में पश्चिमी रेलवे में कार्यरत हैं।

****************

झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा की लिखित मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के सफल उम्मीदवारों के साक्षात्कार के उपरान्त अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया गया है। परीक्षार्थी आयोग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्लयू डॉट जेपीएससी डॉट जीओवी़ डॉट इन पर देख सकते हैं।

****************

मोती की खेती कम लागत मे बहुत अधिक मुनाफा देनेवाला व्यवसाय है। रांची के बुधन सिंह पूर्ति मोती की खेती से न केवल स्वयं आर्थिक उन्नति की है बल्कि दूसरों को भी यह हुनर सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग कर रहे हैं।

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- पूर्वी रेलवे के प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक उदय शंकर झा ने कल गिरिडीह रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये।
- श्रावणी मेले के दौरान देवघर के बाबाधाम में 10 जुलाई से अब तक 23 लाख 73 हजार से ज्यादा कांवरियों ने जलार्पण किया है। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्रोतों से दो करोड़ 39 लाख से ज्यादा की आय हुई है।
- जामताड़ा पुलिस ने जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र से अपराध की योजना बना रहे दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

****************

मौसम विभाग ने राज्य में आज से 28 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर पिछले 24 घंटे में वज्रपात की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गयी है। वज्रपात से रांची में तीन, हजारीबाग, पाकुड़ और साहिबगंज में दो–दो और गिरिडीह में एक व्यक्ति की मौत हुई है। भारी बारिश को देखते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एससी दुबे ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

****************

134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की कल शाम जमशेदपुर में शानदार शुरुआत हुई। हल्की बारिश के बीच मैच शुरू हुआ और लोगों ने खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साहवर्धन किया। डूरंड कप 2025 के ग्रुप–सी के पहले मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने रोमांचक मुकाबले में नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी को 3–2 से हराकर विजयी आगाज़ किया।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये फैसलों की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रिम्स में 173 सीनियर रेजिडेंट के लिए निकला विज्ञापन, 4 से 8 अगस्त तक होगा इंटरव्यू।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची सदर अस्पताल में बनेगी दो सौ बेड की सुपर स्पेशियलिटी यूनिट।

प्रभात खबर लिखता है– पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े मामले में इडी ने डीएमओ से लिए अहम दस्तावेज।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पारा तीरंदाजी का राष्ट्रीय खिलाड़ी पतरस अफीम तस्करी में गिरफ्तार।

****************